# क्या समाचार है? / खबर क्या है? (स्तर-1)

| | |
|---|---|
| **विवरण** | विद्यार्थी कोविड-19 पर अपना स्वयं का समाचार पत्र रिपोर्ट तैयार करेंगे और अन्य अनुभागों/section को डिज़ाइन करेंगे| |
| **मुख्य प्रश्न** | वर्तमान समाचारों पर हम किस तरह से शोध करते हैं और जानकारी प्रस्तुत करते हैं? |
| **कार्य में लगने वाला समय** | 6 दिन में कुल 3 घंटे |
| **आवश्यक सामग्री** | कागज, पेंसिल, समाचार-पत्र की उपलब्धता। |
| **सीखने के प्रतिफल** | 1. प्राथमिक और माध्यमिक खोज को करना।<br>2. लिखित सामग्री को रोचक बनाने के लिए उसको सही रूप देना।<br>3. प्राप्त किए गए फीडबैक को आकृतियों और सचित्र प्रदर्शन के साथ गणित के रूप में दर्शाना।<br>4. कॉमिक्स के ज़रिये बुनियादी संदेशों को सचित्र बनाना और साझा करना। |
| **पूर्व सीख** | समाचार-पत्र और उसके प्रासंगिक भागों की समझ। |

## पहला दिन

आज हम यह समझेंगे कि एक समाचार पत्र में क्या-क्या होता है|

| सुझाई गई अवधि | गतिविधि और विवरण |
|---|---|
| **5 मिनट** | • विद्यार्थी, उदाहरण के लिए, एक समाचार पत्र देखेंगे और अपने घर के लिए अपना स्वयं का अखबार डिजाइन करने के बारे में सोचेंगे। |
| **30 मिनट** | • मुख्य समाचार, मौसम की जानकारी, व्यंग-चित्र पट्टिका (कॉमिक स्ट्रिप), खेल इत्यादि|<br>• विद्यार्थी एक समाचार पत्र को देखेंगे और उनके माता-पिता उन्हें प्रत्येक अनुभागों के बारे में समझाएंगे और फिर उन्हें सरल तरीके से पढ़कर सुनाएँगे।<br>• विद्यार्थी उनकी समझ के आधार पर समाचार-पत्र के प्रत्येक खंड के बारे में वर्णन करेंगे। |



EAA अपनी परियोजनाओं पर सुधार के लिए प्रतिपुष्टि का स्वागत करता है, कृपया इस लिंक का उपयोग करें: https://forms.gle/LGAP9k17fMyJrKJN7

# दूसरा दिन

आज आप व्यंग-चित्र पट्टिका (कॉमिक स्ट्रिप) बनाएंगे और कोविड-19 लॉकडाउन के प्रभाव के बारे में और अधिक जानेंगे।

| सुझाई गई अवधि | गतिविधि और विवरण |
|---|---|
| **30-40** मिनट | • विद्यार्थी कोरोनावायरस लॉकडाउन की वजह से अपने घर पर पड़े प्रभाव के बारे में "लिखेंगे" और उसका चित्रण करेंगे।<br>• वे कुछ महत्वपूर्ण प्रश्नों के बारे में सोचेंगे:<br>->लॉकडाउन के दौरान घर पर एक सामान्य दिन कैसा होता है - दिन में क्या होता है और घर के लोग क्या करते हैं?<br>->घर में सभी लोग कैसा महसूस करते हैं?<br>->कोरोनावायरस से बचाव के लिए लोग क्या-क्या कर रहे हैं?<br>->घर पर रहने की कुछ अच्छी बातें क्या हैं?<br>• विद्यार्थी एक कॉमिक स्ट्रिप का चित्रण करेंगे जिसमे वो एक नए दिन को दर्शाएंगे और यह दिखाएंगे कि वह दिन कैसे मज़ेदार हो सकता है।<br>• कॉमिक स्ट्रिप 4-8 डिब्बे का हो सकता है।<br>• विद्यार्थी अपनी कॉमिक स्ट्रिप के लिए पात्रों (characters) का चित्रण करेंगे और उन्हें नाम देंगे। वे तब लिखेंगे या अनुरेखण करेंगे या माता-पिता के सहारे पात्रों के चित्रण के इर्द-गिर्द परिचय(blurb) या dialogue लिखेंगे कि वह क्या सोच रहा है या कह रही है। |

# तीसरा दिन

आज आप मौसम के बारे में जानेंगे और मौसम की भविष्यवाणी को लेकर चित्र बनाएंगे।

| सुझाई गई अवधि | गतिविधि और विवरण |
|---|---|
| **20** मिनट | • विद्यार्थी मौसम की पहचान और लिखेंगे कि अभी वसंत, गर्मी, शरद ऋतु, पतझड़ या बरसात में से कौनसा मौसम है\|<br>• विद्यार्थी सूरज, बादलों, बारिश, बर्फ इत्यादि बनाकर अभी के मौसम को दर्शाएंगे\|<br>• विद्यार्थी लिखेंगे कि अभी का मौसम कैसा लगता है: गर्म/ठंडा/ना ज्यादा गर्म ना ज्यादा ठंडा।<br>• विद्यार्थी मौसम के अनुसार प्रत्येक मौसम और गतिविधियों के लिए उपयुक्त कपड़ों के साथ खुद का चित्र बनाएंगे\|। |



EAA अपनी परियोजनाओं पर सुधार के लिए प्रतिपुष्टि का स्वागत करता है, कृपया इस लिंक का उपयोग करें:
https://forms.gle/LGAP9k17fMyJrKJN7

# चौथा दिन

आज आप सभी के खेलने के लिए एक नया गेम और अपने अखबार के लिए एक प्रतिपुष्टि-प्रपत्र/फीडबैक-फॉर्म डिजाइन करेंगे ।

| सुझाई गई अवधि | गतिविधि और विवरण |
|---|---|
| 20 मिनट | • विद्यार्थी एक आकर्षक खेल डिजाइन करेंगे जिसे वे अंतिम खंड के लिए घर पर खेल सकते हैं।<br>• उदाहरण:<br>मैं एक गाना गाऊंगा तब सभी को नाचना होगा। जब मैं गाना बंद करूँगा, वैसे ही सभी को मूर्ती की तरह स्थिर हो जाना है। जो स्थिर नहीं होगा वो खेल से बाहर हो जाएगा। |
| 10 मिनट | • विद्यार्थी अपने माता-पिता के साथ एक प्रतिपुष्टि-प्रपत्र/फीडबैक-फॉर्म तैयार करेंगे - जिसमें तीन बिंदु होंगे:<br>1.चित्र बहुत अच्छे हैं<br>2.सब कुछ समझना आसान है<br>3.खेल मजेदार है।<br>• प्रतिक्रियाओं को “पूर्ण-सहमत, सहमत, असहमत” होने के रूप में इकट्ठा किया जाएगा\| |

# पाँचवा दिन

आज आप अपने अखबार को बधोया से बनाने-सजाने के लिए कला का प्रगोग करेंगे|

| सुझाई गई अवधि | गतिविधि और विवरण |
|---|---|
| 20 मिनट | • विद्यार्थी अपने अखबार के लेआउट/ढाँचा को डिजाइन करना शुरू कर देंगे।<br>• विद्यार्थी प्रत्येक खंड को एक अलग आकृति के रूप में आकृतियों की अवधारणा को संशोधित कर सकते हैं और अपनी पूरी की हुई कॉमिक स्ट्रिप/ व्यंग-चित्र पट्टिका और मौसम की जानकारी को चिपका सकते हैं।<br>• टिप: प्रत्येक अनुभाग एक अलग आकार हो सकता है। |
| 20 मिनट | • विद्यार्थी अपने अखबार के नाम के बारे में सोचेंगे और लिखेंगे। |



EAA अपनी परियोजनाओं पर सुधार के लिए प्रतिपुष्टि का स्वागत करता है, कृपया इस लिंक का उपयोग करें: https://forms.gle/LGAP9k17fMyJrKJN7

# छठवाँ दिन

आज आप अपना अखबार अपने परिवार के सभी लोगों को दिखाएंगे और उनकी प्रतिक्रिया सुनेंगे।

| सुझाई गई अवधि | गतिविधि और विवरण |
|---|---|
| 20 मिनट | • विद्यार्थी परिवार के सदस्यों के साथ पूरा अखबार साझा करेंगे |
| 10 मिनट | • विद्यार्थी एकत्रित प्रतिक्रिया के आधार पर एक टैली चार्ट बनाएंगे।<br>• विद्यार्थी प्रतिक्रिया पर विचार करेंगे और अगली बार के लिए किये जाने वाले बदलावों के बारे में सोचेंगे। |

# मूल्यांकन के मापदंड

- लेखन में विचार की स्पष्टता।
- सोच/विचारधारा की मौलिकता का स्तर।
- चित्रण की गुणवत्ता।
- कार्य को पूरा करने की दृढ़ता।
- रोचक सामग्री और संरचना की प्रस्तुति।

# अतिरिक्त प्रोत्साहन गतिविधियाँ

- -



EAA अपनी परियोजनाओं पर सुधार के लिए प्रतिपुष्टि का स्वागत करता है, कृपया इस लिंक का उपयोग करें:
https://forms.gle/LGAP9k17fMyJrKJN7